# यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय Important Questions Class 10 Social Science (History) Chapter 1 in Hindi

## लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)

**प्रश्न 1 फ्रेडरिक सारयू कौन था ?**

**उत्तर:** फ्रांसीसी चित्रकार

**प्रश्न 2 अनस्ट रेनन कौन था ?**

**उत्तर:** फ्रांसीसी दार्शनिक

**प्रश्न 3 जर्मन राष्ट्र का रूपक क्या था? वह किस बात का प्रतीक था ?**

**उत्तर:** जर्मेनिया। जर्मन बलूत वीरता का प्रतीक है।

**प्रश्न 4 मांटेस्क्यू ने किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया?**

**उत्तर:** शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत या अधिकार विभाजन

**प्रश्न 5 कौन सी विश्वविख्यात घटना को राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति माना जाता है ?**

**उत्तर:** फ्रांसीसी क्रांति

**प्रश्न 6 जॉलवेराइन क्या था व किस प्रकार वह जर्मनी के आर्थिक एकीकरण का प्रतीक था?**

**उत्तर:** एक जर्मन शुल्क संघ। इसमें अधिकांश जर्मन राज्य शामिल थे। 1834 में स्थापित इस संघ ने विभिन्न जर्मन राज्यों के बीच शुल्क अवरोधों को समाप्त किया व मुद्राओं की संख्या तीस से दो कर दी। इस प्रकार यह आर्थिक एकीकरण का प्रतीक था।

**प्रश्न 7 मेत्सिनी द्वारा स्थापित दो भूमिगत संगठनों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:** 1) यंग इटली 2) यंग यूरोप

**प्रश्न 8 19वीं सदी में ऐसी कौन सी ताकत उभरी जिसने यूरोप की राजनैतिक और भौतिक दुनिया में भारी परिवर्तन किये ?**

**उत्तर:** राष्ट्र राज्य का उदय

**प्रश्न 9 बाल्कन क्षेत्र के निवासियों को क्या कहा जाता था ?**

**उत्तर:** स्लाव

**प्रश्न 10 वियना कांग्रेस किस वर्ष आयोजित की गई ?**

**उत्तर:** 1815

**प्रश्न 11 1815 की वियना सन्धि से किसका सम्बन्ध है ?**

**उत्तर:** ड्यूक मैटरनिख

**प्रश्न 12 नैपोलियन युद्धों के दौरान हुए बदलावों को खत्म करना किस सन्धि का उद्देश्य था ?**

**उत्तर:** वियना संधि

**प्रश्न 13 किसने कहा था कि जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है ?**

**उत्तर:** मैटरनिख

**प्रश्न 14 किस संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी?**

**उत्तर:** कांस्टेन्टीनोपल संधि

**प्रश्न 15 आयरलैंड में प्रोटेस्टेन्ट के विरूद्ध आंदोलन का नेतृत्व किसने किया ?**

**उत्तर:** वोल्फटोन

**प्रश्न 16 आँखों पर पट्टी बांधे हुए और हाथ में तराजू लिये हुए महिला किस बात का प्रतीक है?**

**उत्तर:** न्याय

## लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक वाले)

---

**प्रश्न 1 फ्रांसीसी क्रांन्तिकारियों ने फ्रांसीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना किस प्रकार पैदा की ?**

**उत्तर:**

- पितृभक्ति और नागरिकता के विचार
- नए राष्ट्रीय चिह्न
- केन्द्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था
- राष्ट्रीय भाषा
- एक समान भार व मान की व्यवस्था।

**प्रश्न 2 'नेपोलियन ने प्रशासनिक क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्धांतो का समावेश किया जिसने पूरी व्यवस्था को अधिक कुशल व तर्कसंगत बना दिया।' समीक्षा कीजिए?**

**उत्तर:**

https://www.evidyarthi.in/

- नेपोलियन की संहिता
- ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार
- शहरी क्षेत्र में सुधार
- व्यापार में सुधार

**प्रश्न 3 यूरोप के “राष्ट्र’ के विचार के निर्माण में संस्कृति ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ?**

**उत्तर:**

- कला, काव्य, कहानियों, संगीत ने राष्ट्रवादी भावनाओं को विकसित किया
- लोकगीत, जन-काव्य व लोक नृत्य
- स्थानीय बोलियों व लोक साहित्य पर बल
- भाषा

**प्रश्न 4 जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए?**

**उत्तर:**

- आरंभ विलियम प्रथम के प्रशा के सिंहासन पर आसीन होना।
- बिस्मार्क द्वारा जर्मन एकीकरण की भूमिका तैयार करना।
- वियना कांग्रेस
- फ्रैंकफर्ट पार्लियामैंट
- एकीकरण में बाधाएँ
- बिस्मार्क द्वारा ऑस्ट्रिया, फ्रांस आदि पराजित, विश्व शक्तियों को तटस्थ करना व एकीकृत जर्मनी का एक राष्ट्र के रूप में उभरना।

**प्रश्न 5 इटली के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन करें। इसके मार्ग में आने वाली मुख्य बाधाएं क्या थीं ?**

**उत्तर: एकीकरण की प्रक्रिया :**

- **1832 –** कावूर सार्डीनिया का प्रधानमंत्री बना। फ्रांस से संधि, ऑस्ट्रिया पराजित व 1859 में लुंबार्डी को राज्य में मिला लिया।
- **द्वितीय चरण –** मोडेना, टस्कनी, पार्मा आदि का जनमत संग्रह द्वारा सार्डीनिया में विलय।
- **तृतीय चरण –** 1860 में गैरीबाल्डी द्वारा सिसली व नेपल्स पर विजय।
- **चतुर्थ चरण –** वेनेशिया व रोम पर अधिकार।
- 1871 में पोप से समझौता व एकीकृत इटली का उदय।

**एकीकरण में बाधाएँ :**

- राजनीतिक विखंडन का लंबा इतिहास
- विदेशी शक्तियों का आधिपत्य
- पोप का शासन
- वियना कांग्रेस
- अनुदारवादी शासक।

**प्रश्न 6 ब्रिटेन में राष्ट्र राज्य का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम किस प्रकार था ?**

**उत्तर:**

- यह किसी उथल-पुथल या क्रांति का नहीं, एक लंबी चलने वाली प्रक्रिया का नतीजा था।
- पहले नृजातीय पहचान। राष्ट्र की अहमियत व सत्ता में वृद्धि।
- 1688 में राजतंत्र से संसद द्वारा ताकत छीना जाना
- 1707 में यूनाइटेड किंगडम ऑफ ब्रिटेन का गठन।
- स्कॉटलैंड पर प्रभुत्व। आयरलैंड को 1801 में बलपूर्वक यूनाईटेड किंगडम में शामिल किया गया।
- नए ब्रिट्रिश राष्ट्र का निर्माण। आंग्ल संस्कृति का दबदबा।
- राष्ट्र के प्रतीक – झंडा व राष्ट्रगान को बढ़ावा। पुराने राष्ट्र, मात्र सहयोगी रूप में।

**प्रश्न 7 यूरोप में राष्ट्रवाद के उत्थान के लिए कौन से कारण उत्तरदायी थे ?**

**उत्तर:** यूरोप पर प्रभाव –

- राष्ट्र-राज्यों का उदय
- लोकतंत्रीय सिद्धांत को बढ़ावा
- सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक समानता पर बल
- अन्य राष्ट्रो में मानवीय अधिकारों की मांग
- निरंकुश राजतंत्रों में क्रांतिकारी प्रतिक्रियाएँ।

**प्रश्न 8 फ्रांसीसी क्रांति का न केवल फ्रांस पर अपितु पूरे विश्व पर गहरा प्रभाव पड़ा। समीक्षा कीजिए ?**

**उत्तर:** फ्रांस पर प्रभाव –

- लोकतांत्रिक शासन की स्थापना
- लोक कल्याणकारी कार्य
- समानता, स्वतंत्रता, भ्रातृत्व से भरे नए समाज की नींव
- नवीन कानून संहिता लागू
- नेशनल असेंबली का गठन
- आर्थिक एकीकरण
- कानून के समक्ष बराबरी,
- संपत्ति का अधिकार सुरक्षित।
    - मध्यम वर्ग का उदय
    - उदारवादी विचारधारा का प्रारंभ
    - यूनान का स्वतंत्रता संग्राम
    - संस्कृति व भाषा की भूमिका
    - जन विद्रोह

**प्रश्न 9 1804 की नागरिक संहिता के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए?**

**उत्तर:**

https://www.evidyarthi.in/

- जन्म पर आधारित सुविधाओं की समाप्ति।
- सम्पत्ति के अधिकार की बहाली
- ज़मींदारी व सामंती व्यवस्था की समाप्ति।
- यातायात तथा संचार व्यवस्था में सुधार।
- मानक नाप-तौल के पैमाने चलाए गए।
- एक राष्ट्र मुद्रा चलाई गई।

**प्रश्न 10 यूरोप के कुलीन वर्ग की विशेषताएँ लिखिए ?**

**उत्तर:**

- जीवन जीने की समान शैली
- भू-स्वामित्व
- कूटनीतिक भाषा
- आपस में वैवाहिक संबंध
- उच्च वर्गों के बीच फ्रेंच भाषा का प्रयोग

**प्रश्न 11 1815 की वियना संधि के उद्देश्य बताइए। इसके प्रमुख प्रस्ताव व व्यवस्थाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

- उत्तरी नीदरलैंड में साम्राज्य की स्थापना
- दक्षिण में जेनेवा को पिडमाण्ट के साथ मिला दिया गया।
- प्रशा को पश्चिम में नए क्षेत्र दिए गए।
- पूर्व में रूस को पोलैंण्ड का हिस्सा दे दिया गया।
- ऑस्ट्रिया को उत्तरी इटली का नियंत्रण सौंपा गया।

**प्रश्न 12 यूरोप में उदारवादियों द्वारा समर्थित राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक आदर्श क्या थे ?**

**उत्तर:**

- कानून के समक्ष समानता
- व्यस्क मताधिकार के पक्ष में नहीं
- बाज़ार की स्वतंत्रता तथा राज्य द्वारा वस्तुओं एवं पूंजी के प्रवाह पर लगे प्रतिबन्ध को समाप्त करने के पक्षधर।

**प्रश्न 13 औद्योगीकरण की वृद्धि ने किस प्रकार यूरोप के सामाजिक और राजनैतिक समीकरण बदल दिए?**

**उत्तर:**

- पश्चिमी और मध्य यूरोप के हिस्सों में औद्योगिक उत्पादन और व्यापार में वृद्धि। शहरों को विकास और वाणिज्यिक वर्गों का उदर।
- श्रमिक व मध्य वर्ग का उदय।

- 'कुलीन विशेषाधिकार की समाप्ति' के विचारों की लोकप्रियता।

**प्रश्न 14 यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की भूमिका क्या थी ?**

**उत्तर:**

- स्वयं के राजनैतिक संगठन बनाना।
- समाचार पत्रों का प्रकाशन।
- मताधिकार प्राप्ति हेतु संघर्ष।
- राजनैतिक बैठकों तथा प्रदर्शनों में हिस्सा लेना।

**प्रश्न 15 19वीं सदी में यूरोप में राष्ट्रवाद की लहर के क्या कारण थे?**

**उत्तर:**

- जनता पर अत्याचार
- निरंकुश शासन व्यवस्था
- उदारवादी विचारों का प्रसार
- स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व का नारा।
- शिक्षित मध्य वर्ग की भूमिका।

**प्रश्न 16 1815-1914 के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय केन्द्रों के तीन प्रवाहों को विस्तार से लिखिए ?**

**उत्तर:**

- वस्तुओं का प्रवाह
- पूँजी का प्रवाह
- लोगों का प्रवाह।

**प्रश्न 17 यूरोप में 1871 के बाद बाल्कन क्षेत्रों में बनी विस्फोटक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए?**

**उत्तर:**

- बाल्कन क्षेत्रों में भौगालिक और जातीय भिन्नता थी। जैसे रोमनिया, बुल्गेरिया, अल्बेनिया आदि देशों मे।
- ऑटोमन साम्राज्य के विघटन के कारण बाल्कन में विस्फोटक स्थति बन गई।
- बाल्कन क्षेत्र में विद्रोही राष्ट्रीय समूहों ने अपने संघर्षों को लंबे समय में खोई आजादी को वापस लेने के अवसर के रूप में देखा।
- बाल्कन क्षेत्रों में बड़ी शक्तियों के बीच व्यापार और नौसैनिक शक्ति के लिए प्रतिस्पर्धा होने लगी।
- हर एक राज्य अपने लिए ज्यादा क्षेत्र हथियाने की उम्मीद रखता था।

https://www.evidyarthi.in/